汉语教科书

上 册

चीनी भाषा पाठ्य-पुस्तक

भाग १

(हिन्दी में अनुवाद)

商 务 印 书 馆

चीनी भाषा पाठ्य-पुस्तक

भाग १

पेकिंग विश्व-विद्यालय के "विदेशी विद्यार्थी चीनी भाषा विशेष पाठ्य-क्रम विभाग"

द्वारा रचित

(हिन्दी में अनुवाद)

शांगवू यिंषूग्वान प्रकाश-गृह

पेकिंग, १९६५ ।

汉 语 教 科 书

上　册

北京大学外国留学生中国语文专修班编

（印地语译本）

商 务 印 书 馆

1965年·北京

內 容 提 要

本書是北京大学外国留学生中国語文专修班一年級第一学期前十几个星期的教科書，分上下两册，上册 42 課，下册 30 課，并附有小詞典，內容包括語音和語法，講解深入淺出，学完本书不但可以应付日常生活，而且可以閱讀簡易的文章，为进一步学习专业打好汉語基础．本書不仅可作外国留学生的教科書，而且也可以供一般外国人学习汉語之用．

यह पुस्तक पेकिंग विश्वविद्यालय के "विदेशी विद्यार्थी चीनी भाषा विशेष पाठ्य-क्रम विभाग" में पाठ्य-पुस्तक के रूप में प्रयुक्त होती है और इसे पहले टर्म के पहले तीन महीनों में पढ़ाया जाता है। इस पुस्तक के दो भाग हैं। पहले भाग में ४२ पाठ हैं और दूसरे भाग में ३० पाठ, और अन्त में, शब्दावली का परिशिष्ट है। इस पुस्तक में चीनी उच्चारण और व्याकरण का समावेश किया गया है और इन्हें सरल शब्दों में समझाया गया है। यह पुस्तक समाप्त कर लेने पर, कोई भी व्यक्ति न केवल दैनिक जीवन में साधारण चीनी बोल सकता है और लिख सकता है, बल्कि साधारण निबन्ध भी पढ़ सकता है और इस प्रकार वह किसी भी विशेषीकृत क्षेत्र में आगे अध्ययन करने के लिये मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह पुस्तक न केवल विदेशी विद्यार्थियों के लिये पाठ्य पुस्तक के रूप में प्रयुक्त हो सकती है, बल्कि यह किसी भी विदेशी के चीनी भाषा सीखने में सहायक हो सकती है।

上 冊 目 录

भाग १

विषय--सूची

說　　明

1.本书是北京大学外国留学生中国語文专修班第一学期所用的語音和語法的教材。几年来到我国来学习的留学生逐年增加，他們都要首先学好汉語才能学习专业，迫切地需要汉語教科书。另一方面，自从中华人民共和国成立以来，很多外国朋友对汉語发生了兴趣；但因缺乏适当的課本，学习很感困难。为了适应这个情况，我們决定把这本教科书付印，以滿足我班学生和别的国际朋友們的需要。

2.本书以初学汉語的外国学生为对象，并以实用为目的。編排次序和重点的分配，都以切合具体对象的需要为原則。过細过深的理論，不易为初学者所接受的，都不收在本书里面。

3.本书包括緒論、語音、語法三部分。緒論給我們所要学习的现代汉語作了一个輪廓的介紹，可以使学生在学习之前对汉語特点有所了解。前十二課是語音，其中理論八課、口語练习四課，共用教学时間二週。后六十課是語法，每六課构成一个单元，其中前五課是新課，后一課是复习；教学时間一共十週。本书学完以后，学生除了語音和基本語法之外，还学习单詞八百多个（包括汉字七百多个）。这时候，他們不但应該能以簡单口語应付日常生活，而且可以閱讀浅易的文章，具备了进一步学习短文的条件。如果一位外国朋友不能拿出全部时間学习汉語，每天一課的分量当然显得太重，也可以适当地延长学习的时間。假如用作选修課程的教材，每週上課二三次，改为全年的教材也是可以的。

4.关于語法部分，需要特别提出来下列各点：

（1）为了重点突出、眉目清楚，在書中把基本語法抽繹为若干点，以便学生預习和复习。但在課堂教学时，教师应該先給例句、后給理論，尽量貫徹"从感性到理性"的原則。例句里尽量不用当課的生詞，以免分散学生对語法的注意力。

（2）除了每个单元的复习課以外，每課的第一項都是"生詞"。实际上，这一項下也包含着大于詞的語和小于詞的詞素；"生詞"只是个极籠統的說法。生詞排列的次序是根据它們在語法項下的例

句和課文中出現的先后而定的。詞的音、义之外，还注了詞类（所用简号在第十三課前有說明）。第十四課介紹名詞的量詞，从那課起，名詞之后兼注常用的特定量詞（如果特定量詞是一个生字，兼注讀音）；用量詞“个”的，省去不注。

(3)为了外国学生的方便，語法的例句和課文采用了詞儿連写的办法。但因沒有大家公認的連写規則，我們試拟了一个規則（見附录四）。連写的目的在于帮助学生朗讀，連写在一起的并不限于严格意义的“詞”，而是还有大于詞或小于詞的单位。这时候，除了考虑什么是詞以外，也考虑如何帮助学生讀得連貫、自然。

(4)每課之后附有課外练习，这些练习都是为了检驗学生是否掌握当課的語法重点而設的。同时，也适当地照顧到詞汇的复习。当然，不能指望作了这些练习就能达到熟练的目的。本书只是讲授課用的教材，练习課和复习課材料并不包括在內。

(5)为了减少学习汉字的困难，我們除了在語音阶段加入字素帮助学生分析汉字的組成部分以外，在語法阶段中，新課后面都附有汉字表。每課生詞中出現的新汉字都在汉字表中加以分析，分析出来的部分如果不是学生学过的，还把笔顺标出，以便学生能正确地书写。遇見曾經作为汉字組成部分出現过的字素或汉字，便不再給笔顺或分析。书后附有汉字組合一覽（見附录二），把学过的生詞排列在組成生詞的汉字下面，也是为了帮助学生学习生詞和記忆汉字而設的。

5.本书注音根据1958年2月11日第一屆全国人民代表大会第五次会議批准的汉語拼音方案。

6.国务院在1956年1月28日决議公布了“汉字簡化方案”，到目前为止，已先后在全国各报刊图书上正式推行了四批簡化汉字，共計517个字。本书所用簡字就是这些正式推行的簡化汉字（見附录三：繁簡字对照表）。

7.本書由北京大学外国留学生中国語文专修班汉語教研室集体編写。我們恳切地希望各地讀者不吝指正。

1961年4月

निरूपण

१. इस पुस्तक में उच्चारण तथा व्याकरण की सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिसका उपयोग पेकिंग विश्व-विद्यालय के "विदेशी विद्यार्थी चीनी भाषा विशेष पाठ्य-क्रम विभाग" द्वारा पहले टर्म में किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, अधिकाधिक विदेशी विद्यार्थी चीन में अध्ययन के लिये आए हैं। अपना व्यावसायिक अध्ययन आरम्भ करने से पहले, उन्हें चीनी भाषा सीखनी पड़ती है। उन्हें शीघ्र से शीघ्र एक चीनी पाठ्य-पुस्तक की आवश्यकता है। इस के अतिरिक्त, चीन जन-गणतंत्र की स्थापना के बाद से, अनेक विदेशी मित्रों को चीनी भाषा में दिलचस्पी हो गई है। कोई पाठ्य-पुस्तक सुलभ न होने के कारण, उन्हें चीनी भाषा सीखने में बड़ी कठिनाई प्रतीत होती है। इसी बात को ध्यान में रख कर, हमने अपने विभाग के विदेशी विद्यार्थियों और अन्तर्राष्ट्रीय मित्रों की मांग पूरी करने के लिय, यह पाठ्य-पुस्तक हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित करने का निश्चय किया।

२. यह पुस्तक विदेशी विद्यार्थियों के उपयोग के लिये संकलित की गई है। इस पुस्तक के पाठ और हर पाठ के सूत्र विदेशी विद्यार्थियों की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्थित किये गए हैं। विद्वतापूर्ण सिद्धान्त अथवा विस्तृत निरूपण, जो आरम्भकों को अस्वीकार्य हैं, का समावेश इस पुस्तक में नहीं है।

३. इस पुस्तक के तीन भाग हैं : भूमिका, उच्चारण और व्याकरण। भूमिका में आधुनिक चीनी भाषा का एक संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया है, ताकि विद्यार्थी चीनी भाषा सीखने से पहले उस की विशिष्टताओं को आम तौर से समझ लें। पहले बारह पाठों में उच्चारण पर विचार किया गाया है ; आठ पाठ सिद्धान्त के हैं और चार पाठ मौखिक अभ्यास के हैं—ये सब पाठ दो सप्ताह में पढ़ा देने हैं। इन के बाद व्याकरण के साठ पाठ हैं, हर छै पाठ की एक इकाई है, जिस में पांच तो नए पाठ हैं और अन्तिम पाठ में सामान्य सिंहावलोकन है। व्याकरण के सारे पाठ समाप्त कर लेने पर विद्यार्थी उच्चारण तथा व्याकरण के अलावा, ८०० से अधिक शब्द (७०० से अधिक रेखाक्षर समेत) सीख लेंगे। वे न केवल दैनिक जीवन की साधारण चीनी बोलने लगेंगे, बल्कि साधारण लेख भी पढ़ सकेंगे। वे इस योग्य भी हो जायेंगे कि वे छोटे निबन्ध तथा कहानियां भी पढ़ सकेंगे। यदि कोई विदेशी मित्र इस स्थिति में नहीं हैं कि वे पूरे समय चीनी भाषा सीखें, तो प्रतिदिन एक पाठ पढ़ना उनके

लिये शायद बहुत ज्यादा होगा। ऐसी सूरत में, वे जितना वक्त लेना ज़रूरी समझते हों, लें। अगर यह पुस्तक स्कूल में लगाई जाय और हफ्ते में दो-तीन घंटे पढ़ाई जाय, तो यह साल भर का पाठ्य-क्रम होगा।

४. व्याकरण के संबंध में निम्नलिखित पांच बातों को अवश्य ध्यान में रखना चाहिये :

(१) स्पष्टता तथा क्रमबद्ध व्यवस्था की दृष्टि से, इस पुस्तक का बुनियादी व्याकरण सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया गया है, ताकि विद्यार्थी आसानी से पाठ तैयार कर सकें और उनका सिंहावलोकन कर सकें। किन्तु कक्षा में, अध्यापक को चाहिये कि वे, "संवेदनात्मक से बौद्धिक की ओर", इस सिद्धान्त का दृढ़ता से पालन करते हुए, और पाठ में दिये गए उदाहरण-वाक्यों का उपयोग कर के व्याकरण के नियम समझाएं। हर पाठ में जो नए शब्द दिये गए हैं, उनका उपयोग उस पाठ के उदाहरणों में नहीं किया गया है, जिससे कि विद्यार्थी अपना सारा ध्यान व्याकरण के नियमों पर ही केन्द्रित कर सकें।

(२) हर इकाई के अन्त में दिये गए सामान्य सिंहावलोकन को छोड़ कर, शेष प्रत्येक पाठ के पहले भाग में शब्दावली या "नए शब्द" दिये गए हैं। वास्तव में, इस भाग में, कभी कभी वाक्यांशों का भी समावेश किया गया है जो शब्दों से बड़े हों और कभी कभी शब्द-तत्त्वों का समावेश भी किया गया है, जो शब्दों से छोटे हैं। "नए शब्द"—इस पद का प्रयोग सख्ती से नहीं किया गया है। व्याकरण के नियमों में दिये गए उदाहरण-वाक्यों में और मूल-पाठों में नए शब्द जिस क्रम से आए हैं, उसी क्रम से उन्हें व्यवस्थित किया गया है। शब्दों के न केवल उच्चारण और अर्थ दिये गए हैं, बल्कि यह भी सूचित किया है कि उन के शब्द-भेद क्या हैं (शब्द-भेद सूचित करने के लिये जिन प्रारम्भिक रेखाक्षरों का उपयोग किया गया है, उन की सूची तेरहवें पाठ से पहले दे दी गई है) संज्ञा-मापक शब्दों का विवेचन चौदहवें पाठ में किया गया है और उस पाठ के बाद से, विशिष्ट संज्ञा-मापक शब्द नए शब्दों के स्तम्भ में दिये गए हैं (यदि कोई विशिष्ट मापक शब्द नया रेखाक्षर हो, तो उस का उच्चारण भी दिया गया है), मापक शब्द 个 जिसका प्रयोग लगभग सभी संज्ञाओं के लिये किया जाता है, हमेशा छोड़ दिया गया है।

(३) व्याकरण के नियमों के साथ जो उदाहरण-वाक्य दिये गए हैं, उनके तथा मूल-पाठ के शब्द अलग अलग लिखे गए हैं, ताकि विदेशी विद्यार्थी उन्हें आसानी से पढ़ सकें। परन्तु अभी तक शब्दों के पृथक लेखन के कोई सर्वमान्य नियम नहीं बने हैं, हम लोगोंने बाध्य होकर स्वयं ही कुछ नियम बना लिये हैं (देखिये परिशिष्ट ४)। चूंकि शब्दों का पृथक लेखन केवल पढ़ने में सुविधा प्रदान करने के लिये है, इसलिये पृथक लेखन में केवल उन्हीं शब्दों को अलग अलग नहीं रखा गया है जो यथार्थ रूप से शब्द

कहलाते हैं, बल्कि शब्द-इकाइयों को भी अलग अलग रखा गया है जो शब्द से बड़ी हो सकती है या छोटी हो सकती हैं। शब्दों को पृथक करते समय हमारा ध्यान केवल शब्द-इकाई तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि इस बात की ओर भी रहा है कि कैसे विद्यार्थियों को इस योग्य बनाया जाय कि वे अपना पाठ स्वाभाविक ढंग से धारा-प्रवाह पढ़ सकें।

(४) हर पाठ के अन्त में, गृह-कार्य दिया गया है। इसका उद्देश्य है इस बात की जांच करना कि विद्यार्थियों ने उस पाठ के व्याकरण के महत्वपूर्ण सूत्रों पर अधिकार प्राप्त कर लिया है या नहीं। शब्दावली का सिंहावलोकन भी किया गया है। निस्संदेह, इस बात की आशा नहीं की जा सकती कि इस गृह-कार्य से विद्यार्थी इस योग्य हो जाएंगे कि संपूर्ण शब्दावली तथा व्याकरण पर अधिकार प्राप्त कर लेंगे। इस पुस्तक में केवल निरूपण की सामग्री समाविष्ट है, इस में अभ्यासों तथा सिंहावलोकन-सामग्री का समावेश नहीं किया गया है।

(५) चीनी रेखाक्षर सीखने में, विद्यार्थियों को जो कठिनाई होती है, उसे कम करने के लिये इस पुस्तक के उच्चारण-वाले भाग में कई चीनी रेखाक्षरों के अंग प्रस्तुत किये गये है, इसका उद्देश्य है रेखाक्षरों का विश्लेषण करने में विद्यार्थियों की सहायता करना।

इसके अलावा व्याकरण वाले भाग में भी, हर पाठ के अन्त में चीनी रेखाक्षरों की एक सारणी दी गई है। हर पाठ के नए शब्दों में जो नए रेखाक्षर आए हैं, उन सबका विश्लेषण सारणी में किया गया है। यदि इन रेखाक्षरों में कोई ऐसे अंग हैं जो विद्यार्थियों के लिये नये हैं, तो उन के रेखा-क्रम भी दे दिये गये हैं ताकि विद्यार्थी रेखाक्षर ठीक ठीक लिख सकें। किन्तु वे सभी अंग तथा रेखाक्षर, जो अन्य रखाक्षरों के अंग के रूप में पहले ही दिये जा चुके हैं उनका विश्लेषण फिर से नहीं किया गया है और न तो उनके रेखा-क्रम ही सूचित किये गये हैं। इस पुस्तक के अन्त में, चीनी रेखाक्षरों के योग की एक सारणी दी गई है (देखिये परिशिष्ट २), इस में हर शब्द जो विद्यार्थियों ने सीखा है, उस रेखाक्षर के अन्तर्गत रखा गया है जिससे वह शब्द बनाया गया है। इस से विद्यार्थी शब्दों और रेखाक्षरों को आसानी से सीख सकेंगे और याद कर सकेंगे।

५. इस पुस्तक में जो ध्वनि-अक्षर प्रयुक्त हुए हैं, वे उस ध्वनि-अक्षर-योजना पर आधारित हैं, जिसका अनुमोदन पहली राष्ट्रीय जन-कांग्रेसने अपने पांचवें अधिवेशन में ११ फ़रवरी १९५८ को किया।

६. राज्य परिषदने २८ जनवरी १९५६ को अपने एक निर्णय में "चीनी रेखाक्षरों की सरलीकरण-योजना" घोषित की, तबसे ५१७ सरलीकृत चीनी रेखाक्षर चार भिन्न भिन्न

सूचियों में प्रकाशित किये जा चुके हैं और इन्हें सारे देश के समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं तथा पुस्तकों ने विधिवत अपना लिया है। विधिवत स्वीकृत इन सभी सरलीकृत रेखाक्षरों का प्रयोग इस पुस्तक में किया है (देखिये परिशिष्ट ३, अपने जटिल रूपों के साथ रखे हुए सरलीकृत रेखाक्षरों की सारणी)।

७. पेकिंग विश्वविद्यालय के "विदेशी विद्यार्थी चीनी भाषा विशेष पाठ्य-क्रम विभाग" के अनुसंधान-डल ने सामूहिक रूप से इस पुस्तक का संकलन किया है। हम दिलसे आशा करते हैं कि हमारे पाठक-गण इस पुस्तक में और सुधार करने के लिये अपनी आलोचनाएं तथा सुझाव भेजेंगे।

अप्रैल, १९६१।

緒　論

汉語是中国主要的語言，也是世界上使用人数最多的語言，并且是世界上最发达的語言之一。

中国是一个統一的多民族的国家。全国人口有六亿多，約94%都是汉民族。各兄弟民族都各有自己的語言；汉語是汉民族的語言，又是民族間交际的共同語言。

汉語方言，就現在知道的情况，可以分成八个方言：北方話，江浙話，湖南話，江西話，客家話，閩北話，閩南話，广东話。說北方話的人数最多，約占使用汉語的人口70%以上。北方話的区域实际上包括长江以北地区，长江以南鎮江以上九江以下沿江地带，湖北（东南角除外），四川，云南，貴州四省以及湖南的西北角。这么多的人口，这么大的地区，語言如此一致，在世界上是絕无仅有的。各方言的語法基本上是一致的，詞汇絕大多数是相同的；語音的差别比較大，可是相互之間的对应关系还是很清楚的。汉語的口語，目前的情况是：一方面固然还有方言的存在，另一方面中国正在推广以北京音为标准音的普通話，以逐漸統一汉民族的共同語言。

中国长时期使用的統一的汉語书面語"文言"，最初必然是在口語的基础上产生的，但是后来跟口語有了越来越远的距离。因此另外出現了一种新的书面語言，更直接地記录了活的口語，与口語一直保持着最密切的联系。这就是現在通常所說的"白話"，也就是我們現在的汉民族共同語书面形式的主要来源。各种用"白話"写的作品的方言基础，总的說来都是北方話。同时以北京話为代表的北方話也逐漸成为方言区之間的交际工具，而被称为"官話"。1919年"五四"运动反对文言文，提倡白話文，动摇了文言的統治地位，汉民族共同語的书面和口头的統一形式逐漸形成，"普通話"这个名称也就代替了"官話"。1949年中华人民共和国成立以来，书面語已基本上統一于"白話"，达到了原則上的"言文一致"，同时口語也得到了进一步的发展。

由于历史的原因，汉語发展到現在还沒有完全达到統一的地步，但是汉語統一的基础已經存在了，这就是以北京語音为标准音，以北方話为基础方言，以典范的現代白話文著作为語法規范的普通話．我們讲授的現代汉語就是这样的标准語．

現在簡略地談談現代汉語在語音、語法、詞汇和文字等几方面的主要特点．

語音　(1) 元音(母音)占优势　紀录汉語的每一个字是一个音节．这个音节是由单独的元音、复合元音或带輔音（子音）的元音构成的，而单独的輔音既不能构成音节，也就不能代表汉語里的一个字．例如：

hàn (1) yǔ (2) kě (3) ài (4)（汉語可爱．）

这四个音节（四个字）就是分别由单独的元音 (2)、复合元音 (4)、元音前带輔音(3)和元音前后带輔音(1)构成的．

(2)声調　代表每一个字的每一个音节都有自己的固有声調．例如，mǎi (买) 是降升調，mài (卖) 是全降調．二者音素和結构虽然完全相同，只是因为声調的不同，意义也就两样了．

(3)送气和不送气　一个音节开头的輔音送气和不送气的对立也是区别意义的重要因素．例如 bǎo (饱) 和 pǎo (跑) 的不同，完全在于音节开头輔音的送气不送气．

語法和詞汇　(1)詞序固定　汉語里的詞序是一种很重要的表意方法．例如，"我帮助你"和"你帮助我"的意思恰好相反．"他念书"不能說成"书念他"．"(一朵)香花儿"是詞組，而"(这朵)花儿很香"就是句子了．修飾語一般在被修飾語之前．例如，"白馬"（"白"，定語；"馬"，中心語)和"慢慢儿地走"（"慢慢儿地"，状語；"走"，中心語)．

(2)助詞　助詞是汉語虛詞里的一种．它不表示实在的意义，不能作句子成分，更不能单独成句；主要的功用就是表示語法关系；可以附着于詞、詞組或句子，帮助詞語的結构(如結构助詞)或传达句子的語气(如語气助詞)．

(3)字和詞　汉語里的一个音节用文字紀录下来就是一个汉字．汉語里有单音节詞和多音节詞．单音节詞用一个汉字表示．例如：

人 rén　　来 lái　　好 hǎo

但是有例外，例如"花儿"两个汉字是一个音节 huār．多音节詞

里最多的是双音节詞，用两个汉字表示。例如:

人民 rénmín　　幸福 xìngfú　　我們 wǒmen

此外还有三音节詞和四音节詞。

(4)单純詞与复合詞　从上面的叙述可以知道，一个詞可以用一个字表示，也可以用两个或两个以上的字表示；但是并不是每个字都能成为一个詞.1,有的字能够单独成为一个詞，例如“人”．2，有的字也能表示一点意义，这样的字不能单独成为一个詞，只能成为詞里的一个成分，如“語”和“言”；可是它們結合起来能够构成一个具有明确意义的詞“語言”．3,能够成詞的一个字也可以跟另一个字結合起来构成另一个詞，这另一个字可以是能够单独成詞的，也可以是不能单独成詞的，前者如“鉄路”，后者如“人民”.4，有的字只出現在一个詞里，如“葡萄”，“葡”和“萄”单独都不能表示什么意义，也不能单独再跟任何别的字組成另一个詞。1和4所說的是单純詞，2和3所說的是复合詞，复合詞的构成方式，多种多样，这里所談的只是举例的性質。为了清楚起見，現在把以上說到的几点列表如下:

汉字　汉語的书写符号汉字，根据地下发掘的材料，也已經有三千年以上的历史了．汉字虽然来源于一种象形文字，但早就越过了象形文字的阶段．例如古文字里的“ ”（側面的“人”形）和“ ”（側面的“象”形），还可以看出来所象的形状，現在的“人”和“象”字就看不出那样的形状来了．汉字絕大多数是形声字，即一部分表意，一部分表声的字．例如:

油 yóu　氵（即水，表意）
　　　　由（yóu，表声）
桐 tóng　木（表意）
　　　　同（tóng 表声）

但是由于汉字字形和汉語語音的变化，很多字的表声部分已經很难辨认或者失去标音（調）作用了。例如：

1．江 jiāng:　工 gōng
2．鴿 gē:　合 hé
3．筒 tǒng:　同 tóng
4．念 niàn:　今 jīn
5．圈 quān:　卷 juàn
6．問 wèn:　門 mén

为了辨认和书写的方便，按照汉字的形体結构，可以分为两类：第一类是独体字，本身是一个整体，不能再加分析，例如"人"和"水"。第二类是合体字，由两个或两个以上的独体字合成，形声字都屬于这一类。合体字虽然比較复杂，但是只要认識清楚了它的每一个組成部分，也就沒有多大困难了。

汉字的字数虽然很多（康熙字典收有47,021字，不計或体），然而实际上通用的大致不出五六千字；据統計，如果学会1,556字，讀一般书籍的时候，95%的字都可以认識。

汉字在中国人民的悠久的文化历史上有过伟大的功績。几千年来，中国古代丰富的文献典籍依靠汉字保存下来。在中国的社会主义建設时期，汉字正在被广大人民群众更广泛地使用。在长远的将来，汉字也将继續存在，并且一定有許多人研究，但是为了更好地普及文化教育，中国正在进行文字改革。1956年1月中华人民共和国国务院公布了汉字簡化方案，簡化汉字就是把笔画繁复的字簡化，并且在重复的字里选用一个，废用异体。1958年2月11日第一屆全国人民代表大会第五次会議又批准了汉語拼音方案。这个方案的主要用途是給汉字注音，帮助教学汉字，統一讀音和推广普通話。外国人通过拼音字母学习汉語汉字，也有极大的便利。此外，語文工作者也可以用这套拼音字母研究和实驗中国文字的进一步改革。

भूमिका

चीनी भाषा (अर्थात हान भाषा) चीन की मुख्य भाषा है और संसार की सब से लोकप्रिय तथा विकसित भाषाओं में से एक है।

चीन बहु-जातीय देश है और उसकी आबादी साठ करोड़ है, जिसमें से ९४% लोग हान जाति के हैं। हर अल्पसंख्यक जाति की अपनी एक भाषा है। चीनी भाषा हान जाति की भाषा है और इसका प्रयोग सभी जातियों में सामान्य सामाजिक भाषा के रूप में भी होता है।

वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, चीनी भाषा में आठ प्रमुख बोलियां हैं: उत्तरी बोली, क्यांगसु-चचांग बोली, हुनान बोली, क्यांगसी बोली, हक्का बोली, उत्तर फ़ुकेन बोली, दक्षिण फ़ुकेन बोली, और क्वांगतुंग बोली। चीनी भाषा बोलनेवालों में से ७०% लोग उत्तरी बोली बोलते हैं। उत्तरी बोली के क्षेत्र में, वास्तव में, यांगत्सी नदी के उत्तर का विशाल प्रदेश, यांगत्सी नदी के दक्षिण का भू-भाग, पश्चिमी चनक्यांग और पूर्वी क्यू क्यांग, हूपे (दक्षिण-पूर्वी भाग को छोड़ कर), सछ्वान, युन्नान और क्वचऊ, ये चार प्रान्त, और हुनान प्रान्त का उत्तर-पश्चिमी भाग शामिल है। दुनिया में एसा बहुत कम देखा गया है, कि इतने विशाल क्षेत्र की इतनी विशाल जनता एक ही बोली बोले। सभी बोलियों का व्याकरण, बुनियादी तौर पर, एक ही है, अधिकांश शब्द एक ही हैं, केवल उच्चारण में अपेक्षाकृत कुछ भिन्नता है, किन्तु इस के बावजूद विभिन्न बोलियों में कुछ तदनुरूप ध्वनि-संबंध हैं। मौखिक हान भाषा की वर्तमान स्थिति का इस प्रकार चित्रण किया जा सकता है: हालांकि विभिन्न बोलियां अब भी प्रयोग में हैं, फिर भी चीनी जनता पेकिंग भाषण-ध्वनियों वाली बोली को प्रामाणिक बोली मान कर, इस का प्रसार करने का उपाय कर रही है, ताकि विभिन्न बोलियों को धीरे धीरे एक किया जा सके और एक सामान्य राष्ट्रीय भाषा का निर्माण किया जा सके।

हान जाति की "प्राचीन साहित्यिक भाषा" (文言) जिसका प्रयोग बहुत लम्बे अरसे तक चीन में हुआ था, शुरू शुरू में जरूर मौखिक भाषा के आधार पर बनी होगी। लेकिन बाद में, वह धीरे धीरे मौखिक भाषा से अधिकाधिक दूर होती गई। इसलिये, बाद में चल कर एक नए प्रकार की लिखित भाषा का आविर्भाव हुआ, जिसमें जीवित मौखित भाषा सीधे लिपिबद्ध की जाने लगी और जो हमेशा मौखिक भाषा

के बिल्कुल निकट रही। इसी भाषा को आजकल हमलोग "बोलचाल की भाषा" (白話) कहते हैं। यही हमारी वर्तमान हान भाषा के सामान्य लिखित रूप का स्रोत है। "बोलचाल की भाषा" (白話) में रची गइ सारी कृतियां, आम तौर से, उत्तीरी बोली पर आधारित हैं। साथ ही, उत्तरी बोली की एक शाखा, यानी पेकिंग की स्थानीय बोली, धीरे धीरे विभिन्न बोलियों के क्षेत्रों में सामाजिक आदान-प्रदान का साधन बन गई और उसे "अफसरी भाषा" (官話) की संज्ञा दी गई। सन् १६१६ का ४ मई आन्दोलन बोलचाल की भाषा में लिखने के पक्ष में था और प्राचीन साहित्यक भाषा में लिखने के विरुद्ध था। उसने प्राचीन साहित्यिक भाषा के प्राधिकृत पद को नष्ट कर दिया। नतीज यह हुआ कि हान जाति की सामान्य भाषा के लिखित तथा मौखिक रूपों का धीरे धीरे एकीकरण होता गया। "अफसरी भाषा" की जगह "आम भाषा" (普通話) यह नाम अपनाया गया। १६४६ में, चीन जन-गणतंत्र की स्थापना के बाद से, लिखित भाषा "बोलचाल की भाषा" के और निकट आ गई है। इस प्रकार, लिखित तथा मौखिक भाषा में एक बुनियादी एकता कायम हो गई है। साथ ही, मौखिक भाषा का और विकास किया जा रहा है।

अनेक ऐतिहासिक कारणों से, चीनी भाषा का पूर्ण एकीकरण अभी तक नहीं हो सका है। लेकिन चीनी भाषा के एकीकरण की, यानी एक आम भाषा के निर्माण की नींव डाल दी गई है। यह भाषा पेकिंग भाषण-ध्वनियों पर आधारित है जो कि प्रामाणिक भाषण-ध्वनियां हैं, वह उत्तरी बोली पर भी आधारित है जो बुनियादी बोली है और साथ ही, बोलचाल की भाषा में रचित आधुनिक क्लासिक कृतियों का व्याकरण उसका व्याकरणीय आधार है। आधुनिक चीनी भाषा, जो हमलोग आपको पढ़ाने जा रहे हैं, का प्रामाणिक रूप यही है।

अब हम आधुनिक चीनी भाषा की भाषण-ध्वनि, व्याकरण, शब्द तथा रेखाक्षर संबंधी कुछ मुख्य विशिष्टताएं संक्षेप में बतायंगे :

भाषण-ध्वनियां (१) स्वरों का प्राधान्य : चीनी भाषा में प्रयुक्त हर रेखाक्षर स्वयं एक शब्द होता है। शब्दांश में एकल स्वर या संयुक्त स्वर हो सकता है या उस में एक ऐसा स्वर हो सकता है जिसके पहले या बाद में कोई व्यंजन आया हो, लेकिन एकल व्यंजन से शब्दांश कभी नहीं बन सकता, इसलिये उससे किसी भी चीनी रेखाक्षर का बोध नहीं हो सकता; जैसे,

hàn (1) yǔ (2) kě (3) ài (4)
(चीनी भाषा बड़ी मीठी है)

ये चारों शब्दांश (चार रेखाक्षर) क्रमश: एकल स्वर (२), संयुक्त स्वर (४), स्वर जिसके पहले व्यंजन आया है (३) और दो व्यंजनों के बीच में स्वर (१) से बन हैं।

(२) तानें : हर शब्दांश, जो एक रेखाक्षर द्वारा सूचित होता है, की अपनी एक निश्चित तान होती है, जैसे, mǎi (खरीदना) का उच्चारण उतरती और चढ़ती तान में किया जाता है और mài (बेचना) का उच्चारण बिल्कुल उतरती तान में किया जाता है। तान में अन्तर होने से अर्थ में भी अन्तर हो जाता है, हालांकि दोनों के ध्वनि-तत्त्व और रूप एक ही होते हैं।

(३) घोष और अघोष : किसी भी शब्दांश का अर्थ पता लगाने के लिय यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि शब्दांश का प्रारम्भिक व्यंजन घोष है अथवा अघोष, जैसै, bǎo (पेट भर खा लेना) और pǎo (दौड़ना) के भिन्न भिन्न अर्थ प्रत्येक शब्दांश के प्रारम्भिक व्यंजन के घोष अथवा अघोष होने से निश्चित होते हैं।

<u>व्याकरण और शब्द :</u> (१) वाक्य-रचना की एकरूपता। चीनी भाषा में शब्द-क्रम विचार प्रगट करने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण तरीका है। उदाहरण के लिये, 我帮助你 (मैं तुम्हारी मदद करता हूं) और 你帮助我 (तुम मेरी मदद करते हो) विपरीतार्थी हैं। 他念书 (वह किताब पढ़ता है) को 书念他 में नहीं बदला जा सकता। 一朵香花儿 (एक महकदार फूल) एक शब्द-समूह है, जब कि 这朵花儿很香 (यह फूल महकदार है) एक वाक्य है। विशेष्य के पहले, आम तौर से, एक विशेषता-सूचक रखा जाता है; जैसे, 白馬 (सफ़ेद घोड़ा) जिस में 白 विशेषण-रूपी विशेषता-सूचक है और 馬 केन्द्रीय शब्द या विशेष्य है, और 慢慢儿地走 (धीरे धीरे चलिये) जिस में 慢慢儿地 क्रियाविशेषण-रूपी विशेषता-सूचक है और 走 केन्द्रीय शब्द है।

(२) सहायक-शब्द : चीनी भाषा में, सहायक शब्द एक प्रकार का निर्बल शब्द या रूप-शब्द समझा जाता है। किसी भी सहायक-शब्द का कोई ठोस अर्थ नहीं होता। यह वाक्य के तत्त्व के रूप में नहीं प्रयुक्त हो सकता और इसीलिये, इस से खुद कोई वाक्य नहीं बन सकता। सहायक-शब्दों का प्रयोग मुख्य रूप से व्याकरणीय सम्बन्ध प्रगट करने के लिये किया जाता है; वे व्याकरणीय विन्यास के निर्माण में सहायक हो सकते हैं (जैसे संरचनात्मक सहायक-शब्द) और वे वाक्य का भाव भी प्रगट कर सकते हैं (जैसे भाव-दर्शक सहायक-शब्द), जब उन का प्रयोग शब्द-समूहों और वाक्यों के बाद होता है।

(३) रेखाक्षर और शब्द : चीनी भाषा में लिखने में, एक शब्दांश एक रेखाक्षर होता है। चीनी भाषा में, एक-शब्दांशिक शब्द भी है और बहु-शबदांशिक शब्द भी हैं। एक शब्दांशिक शब्द एक रेखाक्षर द्वारा सूचित होता है; जैसे,

人 rén (आदमी)
来 lái (आना)
好 hǎo (अच्छा)

परन्तु कुछ अपवाद भी हैं, जैसे, 花儿 (फूल) जिस में दो रेखाक्षर हैं लेकिन जिसका उच्चारण एक शब्दांश (huar) के समान किया जाता है । अधिकांश बहु-शब्दांशिक शब्द दो शब्दांशिक शब्द होते हैं, जो दो रेखाक्षरों द्वारा सूचित होते हैं ; जैसे,

人民 rénmín (जनता)

幸福 xìngfú (खुशी, सुख)

我們 wǒmén (हमलोग, हमलोगों को)

इस के अलावा, तीन-शब्दांशिक और चार-शब्दांशिक शब्द भी होते हैं।

(४) साधारण और संयुक्त शब्द : ऊपर जो कुछ बताया गया है, उससे यह स्पष्ट है कि एक शब्द या तो एक रेखाक्षर या दो रेखाक्षरों या दो से अधिक रेखाक्षरों से सूचित हो सकता है, लेकिन हर रेखाक्षर से एस शब्द नहीं बन सकता । १. कुछ ऐसे रेखाक्षर होते है, जिनमें से हरेक से एक शब्द बन सकता है, जैसे, 人 (आदमी)। २. कुछ ऐसे रेखाक्षर होते हैं, जिन में से हर एक से थोड़ा थोड़ा अर्थ निकलता है, लेकिन उनसे अलग अलग एक एक शब्द नहीं बनता और वे शब्द के केलव एक भाग हो सकते हैं, जैसे 語 और 言, लेकिन इन दोंनों को मिला कर एक शब्द बन जाता है जिससे एक निश्चित अर्थ निकलता है : 語言 (भाषा) । ३. कोई रेखाक्षर जिस से खुद एक शब्द बन सकता है, यदि दूसरे रेखाक्षर से जुड़ जाय, तो उन के योग से एक और शब्द बन सकता है, और इस दूसरे रेखाक्षर से खुद कभी कभी एक शब्द बन सकता है, जैस, 鉄路 (रेल-मार्ग) या कभी कभी नहीं भी बन सकता, जैसे 人民 (जनता)। ४. कुछ ऐसे रेखाक्षर होते हैं जो केवल एक शब्द में प्रगट होते हैं, जैसे, 葡萄 (अंगूर), कयोंकि न तो 葡 से और न तो 萄 से खुद कोई अर्थ प्रगट होता है, इसलिये वह किसी अन्य रेखाक्षर मिल कर कोई शब्द नहीं बना सकता । १ और ४ में दिये गए शब्द साधारण शब्द हैं और २ और ३ में दिये गये शब्द संयुक्त शब्द हैं । संयुक्त शब्द तरह तरह से बनाए जाते हैं ; यहां जो थोड़े से उदाहरण दिय गए हैं, केवल नमूने के तौर पर है (स्पष्टता के हेतु, ऊपर के चार सूत्रों में समाविष्ट विषय का सारांश नीचे की सारणी में प्रस्तुत है :

चीनी रेखाक्षर : खुदाई से प्राप्त प्रमाणों के अनुसार, चीनी भाषा के लिखित चिन्हों अर्थात रेखाक्षरों का इतिहास तीन हज़ार साल से पुराना है। इस के बावजूद कि चीनी रेखाक्षरों की उत्पत्ति एक प्रकार की चित्रलीपि से हुई है, वे बहुत पहले ही चित्रलीपि की अवस्था से बहुत आगे निकल गए ; जैसे, इन दोनों प्राचीन रेखाक्षरों (आदमी का पार्श्व-दृश्य) और (हाथी का पार्श्व-दृश्य) को देख कर हम लोग बता सकते हैं कि ये किस चीज़ के प्रतीक हैं, लकिन आधुनिक रेखाक्षरों 人 (आदमी) और 象 (हाथी) को देख कर हम लोग यह नहीं बता सकते कि ये आदमी और हाथी के प्रतीक हैं। अधिकांश रेखाक्षरों से आकार और ध्वनि का बोध होता है, यानी हर रेखाक्षर के एक भाग से भाव सूचित होता है और दूसरे भाग से ध्वनि; जैसे,

油 yóu (तेल)
- 氵 (जिसका अर्थ है पानी और जिससे भाव सूचित होता है)
- 由 (yóu जिससे ध्वनि का बोध होता है)

桐 tóng (तुंग तेल का पेड़)
- 木 (जिस का अर्थ है लकड़ी, और जिस से भाव सूचित होता है)
- 同 (tóng से ध्वनि का बोध होता है)

किन्तु रेखाक्षर-लेखन तथा भाषण-ध्वनियों में परिवर्तन होने के कारण, अत्यधिक रेखाक्षरों का ध्वनि-भाग अब अपना कार्य लगभग नहीं करता और अब उससे रेखाक्षर की ध्वनि और तान का बोध नहीं होता ; जैसे,

1. 江 jiāng (नदी): 工 gōng
2. 鴿 gē (कबूतर): 合 hé
3. 筒 tǒng (ट्यूब, नली): 同 tóng
4. 念 niàn (पढ़ना): 今 jīn
5. 圈 quān (गोलाई): 卷 juàn
6. 問 wèn (पूछना): 門 mén

रेखाक्षरों में अन्तर करने और उन्हें लिखने की सुविधा के लिये, उनकी संरचना के अनुसार उनके दो भेद किये जा सकते हैं। पहले प्रकार के रेखाक्षर बुनियादी रेखाक्षर हैं। इस प्रकार के रेखाक्षर में एक साधारण इकाई होती है जिसका विश्लेषण नहीं

किया जा सकता, जैसे, 人 (आदमी) और 水 (पानी) । दूसरे प्रकार के रेखाक्षर मिश्र रेखाक्षर हैं; इस प्रकार के रेखाक्षर दो या दो से अधिक साधारण इकाइयों से बनते हैं। इस के रेखाक्षर में आकार और ध्वनि-वाले रेखाक्षर होते हैं। तुलना की दृष्टि से मिश्र रेखाक्षर कुछ ज़टिल मालूम होता है, परन्तु रेखाक्षर का प्रत्येक अंग समझ लेने पर, यह वास्तव में, इतना कठिन नहीं मालूम होता।

रेखाक्षरों की संख्या बहुत बड़ी है (कान शी शब्द-कोष में ४७, २०२ रेखाक्षर दिये गए हैं; इस में वैकल्पिक रूप नहीं शामिल है), लेकिन सिर्फ़ पांच छै हज़ार रेखाक्षर प्रचलित हैं। हाल ही के आंकड़ों के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति १, ५५६ रेखाक्षर जानता है, तो वह वास्तव में, साधारण पुस्तकों के ९५% रेखाक्षर समझ सकता है।

चीनी संस्कृति के लम्बे इतिहास में चीनी रेखाक्षरों ने एक शानदार और महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। चीन का समस्त गौरवपूर्ण प्राचीन क्लासिकी साहित्य इन्हीं रेखाक्षरों में सुरक्षित है। चीनी समाजवादी निर्माण की अवधि में, देश के कोने कोने में, आम जनता चीनी रेखाक्षरों का उपयोग कर रही है। सुदूर भविष्य में भी, वे कायम रहेंगे और बहुत से लोग इनका अध्ययन करेंगे। लेकिन संस्कृति तथा शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के कार्य में सुविधा प्रदान करने के लिय, रेखाक्षरों में सुधार किया जा रहा है। जनवरी १९५६ में, चीनी जन-गणतंत्र के राज्य-परिषदने "रेखाक्षरों की सरलीकरण-योजना" लागू की। इस योजना का उद्देश्य है, उन रेखाक्षरों को सरल बनाना जिनमें बहुत सी रेखाएं हैं और रेखाक्षर का एकरूप चुन लेना, यदि उसके दो या दो से अधिक रूप हों।

११ फ़रवरी १९५८ को, पहली राष्ट्रीय जन-कांग्रेस ने अपने पांचवें अधिवेशन में "चीनी रेखाक्षरों की ध्वनि-अक्षर योजना" का अनुमोदन कर दिया। इस योजना का मुख्य प्रयोजन है चीनी रेखाक्षरों के उच्चारण को ध्वनि-अक्षरों में प्रगट करना ताकि उन्हें पढ़ाने में आसान हो, भाषण-ध्वनियों का एकीकरण हो सके और आम भाषा को लोकप्रिय बनाया जा सके। विदेशी लोग ध्वनि-अक्षरों की मदद से बहुत आसनी से चीनी भाषा सीख सकेंगे। चीनी भाषा के अध्यापक और अनुसंधान-विद्यार्थी, ध्वनि-अक्षरों के आधार पर, चीनी रेखाक्षरों में और अधिक सम्भावित सुधारों पर विचार कर सकते हैं।

語音　उच्चारण

第一課　पाठ १

1.1 母音	a, o, e, i, u, ü
स्वर	a, o, e, i, u, ü
1.2 子音	b, d, g
व्यंजन	b, d, g
1.3 拼音	
हिज्जे	
1.4 声調（一）	
तान (१)	

1.1 母音　a, o, e, i, u, ü.

現代汉語語音以北京語音为标准音，北京語音有六个基本母音: a, o, e, i, u, ü. 現在讲这些母音的发音:

१.१ स्वर: a, o, e, i, u, ü

आधुनिक चीनी भाषा की प्रामाणिक भाषण-ध्वनियां पेकिंग बोली की भाषण-ध्वनियों पर आधारित हैं। पेकिंग बोली में छै मूल स्वर हैं: a, o, e, i, u, ü । इन छै स्वरों के उच्चारण इस प्रकार किये जाते हैं:

a: 舌下降至最低，口大张，唇不圓，气流通暢流出。

a: इस का उच्चारण जिह्वा नीचे कर के और मुंह को पूरी तरह खोल कर और ओंठों को गोल न करके किया जता है। सांस स्वतंत्रतापूर्वक बाहर निकलती है।

o: 舌根向軟顎上升，舌位半高，口稍微张开，唇略圆.

o: इसका उच्चारण जिह्वा को आधी दूर तक ऊपर उठा कर, जिह्वामूल को मृदुतालु की ओर प्रवृत्त कर, मुंह थोड़ा खोल कर और ओंठों को कुछ गोल कर के किया जाता है।

e: 舌根向軟顎上升，舌位比 o 略低，口半开，唇不圆，是与 o 相配的不圆唇母音.

e: इस का उच्चारण करने के लिए, जिह्वामूलको मृदुतालु की ओर ऊपर उठाना चाहिये, मुंह आधा खोल कर रखना चाहिये और जिह्वा को o के उच्चारण के लिये जितना झुकाया जाता है, उस से कुछ और नीचे झुकाना चाहिये। गोलाकार स्वर o के तदनुरूप e अनगोलाकार स्वर है।

i: 舌面前部上升和硬顎相近，开口度很小，唇扁平，使气流由硬顎和舌面間向外送.

i: इस का उच्चारण करने के लिये, अग्र-जिह्वोपरि को कठोर तालु की ओर उठाना चाहिये, मुंह थोड़ा सा खोलना चाहिये और ओठों को चपटा रखना चाहिये और इसके बाद कठोर तालु तथा जिह्वोपरि के बीच से सांस बाहर निकलने देनी चाहिये।

u: 舌根上升和軟顎相近，开口度也很小，唇最圓，使气流由軟顎和舌根間向外送.

u: इसका उच्चारण करने के लिये, जिह्वा-मूल को मृदुतालु की ओर उठाना चाहिये, ओंठों को गोल रखना चाहिये, मुंह थोड़ा सा खोलना चाहिये और तब मृदुतालु तथा जिह्वामूल के बीच से सांस बाहर निकलने देनी चाहिये ।

ü: 舌位和 i 相同，但唇形不同；唇形和 u 相同，但舌位不同；而开口度和 i, u 都相同. ü 是和 i 相对的圓唇母音，因此只要保持 i 的舌位，把嘴唇变成 u 的最圓形，就得到 ü 音.

ü: इसका उच्चारण करते समय, जिह्वा उसी स्थान पर रहता है, जिस स्थान पर वह i का उच्चारण करते समय रहता है, किन्तु ओंठों का आकार भिन्न होता है; ओंठों का वही आकार होता है, जो u का उच्चारण करते समय होता है, किन्तु जिह्वा का स्थान भिन्न होता है । मुंह को उतना ही थोड़ा सा खुला रखा जाता है, जितना कि i और u का उच्चारण करते समय खुला रखा जाता है । अनगोलाकार स्वर i के तदनुरूप ही ü एक गोलाकार स्वर है । इसलिये ü का उच्चारण करने के लिये जिह्वा को उसी स्थान पर रखना चाहिये, जिस स्थान पर उसे i का उच्चारण करते समय रखा जाता है और ओंठों को उतना ही गोल रखना चाहिये जितना कि u का उच्चारण करते समय उसे रखा जाता है ।

1.2 子音 b, d, g

北京語音共有二十四个子音（包括 y, w），按照发音方法和发音部位的不同，可以把这些音素分成若干組，現在讲 b, d, g 的发音. 这三个子音是不送气的清塞音，发音时开始气流通路完全阻塞，然后让气流突然爆发出来. b 是双唇音，d 是舌尖音，g 是舌根音.

१.२ व्यजन b, d, g

पेकिंग बोली में २४ व्यंजन हैं (दो अध-स्वर y और w समेत) । जहां तक कि उन के स्थानों और उच्चारण के ढंग का प्रश्न है, उनको कई समूहों में वर्गीकृत किया

जा सकता है । इस पाठ में केवल b, d और g का विवेचन किया जायगा । ये तीनों व्यंजन अल्प-प्राण, अघोष, स्फोटक ध्वनियां हैं, क्योंकि इन व्यंजनों का उच्चारण करते समय उच्छ्वास-मार्ग अवरुद्ध रहता है और दबी हुई हवा स्फोट के साथ बाहर निकलती है । उच्चारण के स्थानों के अनुसार, b ओष्ठ्य स्फोटक है, d जिह्वाग्र स्फोटक है, और g जिह्वामूल स्फोटक है ।

b: 双唇紧閉，口腔充滿气息，猛开双唇，使气流破唇而出，但不要尽量送气．声带不振动．

b: इस का उच्चारण करने के लिये, ओंठों को मिलाकर दबना चाहिये, क्षण भर के लिये सांस मुह में रोक रखनी चाहिये, और तब मुंह खोल कर दबी हुई हवा बाहर निकलने देनी चाहिये । बहुत ज्यादा हवा बाहर न निकालिये । घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता ।

d: 舌尖頂上齿齦，口腔充滿气息，猛把舌尖移下，使气流爆发而出，但不要尽量送气．声带不振动．

d: इस का उच्चारण करने के लिये जीभ की नोक को उठा कर ऊपरी दंत-पंक्ति से मिलाना चाहिये और तब उसे नीचे हटा कर दबी हवा को स्फोट के साथ छोड़ना चाहिये । बहुत ज्यादा हवा बाहर न निकालिये । घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता ।

g: 舌根頂住軟顎，猛使舌根离开軟顎，使气流爆发而出，但不要尽量送气．声带不振动．

g: इसका उच्चारण करने के लिये जिह्वामूल को उठा कर मृदुतालु से मिलाना चाहिये, और फिर उसे हटा कर दबी हवा स्फोट के साथ छोड़ना चाहिये । बहुत ज्यादा हवा बाहर न निकालिये । घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता ।

1.3 拼音

拼音就是两个或两个以上的音素連在一起，拼成一个音．如:

१.३ हिज्जे

दो या अधिक ध्वनि-तत्त्वों को जोड़ कर एक शब्दांश बना देने को हिज्जे कहते हैं; जैसे,

b + a ⟶ ba

g + u ⟶ gu

d + i ⟶ di

1.4 声調（一）

声調是音高的变化狀态（主要是高、低、升、降）．声調的升降是滑行的，不是跳跃的．在汉語里，每一个音节都有一定的声調，所以声調跟組成音节的母音、子音同样重要．有同样音素的詞，常因声調不同，就会表示出不同的意义．

१.४ तान (१) :

काष्ठा के विचरण को, मुख्य रूप से उसकी ऊंचाई के चढ़ाव और उतार को, तान कहते हैं। तान सरकते हुए चढ़ती है और उतरती है, न कि उछलते हुए। चीनी भाषा में हर शब्दांश की एक निश्चित तान होती है, इसलिये शब्दांश के निर्माण में तान का उतना ही महत्व है, जितना स्वर और व्यंजन का। तानों में अन्तर होने के कारण, शब्दों के अर्थ भिन्न हो जाते हैं, हालांकि हिज्जे एक ही रहता है।

北京語音的基本声調共有四个．如果我們用一条直綫代表一个人說話的音高变动范围，把这条直綫分为四等分，从下向上数，綫上有五个点，就可以分别代表五个音高:

पेकिंग बोली में चार तानें हैं। काष्ठा के विचरण-विस्तार को प्रदर्शित करने के लिये एक छोटी सी उदग्र-रेखा खींचिये, और उसे चार समान अन्तरालों में विभाजित कर के पांच बिन्दु डालिये। इन पांचों बिन्दुओं को, यदि नीचे से ऊपर तक गिना जाय, तो वे पांच मात्राओं के बोधक होते है :

北京語音的四个基本声調，可以用下图的（1）、（2）、（3）、（4）表示出来。

नीचे के चित्र में, पेकिंग बोली की चार तानें (१) (२), (३) और (४) द्वारा सूचित की गई हैं :

我們可以用声調符号 ˥, ˧˥, ˨˩˦, ˥˩ 来描写这四个声調；为了簡便起見，平常簡写作 ˉ, ˊ, ˇ, ˋ 声調符号标在一个音节的母音（如果只有一个母音）或主要母音上。

हमलोग चार तानों को सूचित करने के लिय इन काष्ठा-चित्रों का प्रयोग करते हैं : ˥, ˧˥, ˨˩˦, ˥˩। इन का सरलीकृत रूप यह हो सकता है : ˉ, ˊ, ˇ, ˋ। इन्हें स्वर के ऊपर रखना चाहिये (यदि केवल एक स्वर हो) या शब्दांश के मुख्य स्वर पर रखना चाहिये।

本課先讲第一声和第二声。

इस पाठ में केवल पहली तान और दूसरी तान का विवेचन किया जायगा।

第一声（55）是高平調。我們用符号“—”表示。如：gū, bā

पहली तान (55) "उच्च-स्तरीय" तान है। लिखने में, वह काष्ठा-चित्र "—" द्वारा सूचित की जाती है; जैसे, gū, bā

第二声（35）是高升調．我們用符号“ˊ”表示。如: dá, gé

दूसरी तान (35) "ऊंची-उठती" तान है। वह काष्ठा-चित्र "ˊ" द्वारा सूचित की जाती है; जैसे, dá, gé

练 习 अभ्यास

一、讀下列母音字母:

१) निम्नलिखित स्वरों को पढ़िये :

a o e   a o e

a a   o o   e e

a o   a o   a o   a o

o e   o e   o e   o e

a e   a e   a e   a e

i u ü   i u ü

i i   u u   ü ü

i ü   i ü   i ü

u ü   u ü   u ü

a o e   i u ü

二、讀下列音节，注意音节中子音的发音:
२) व्यंजनों के उच्चारण पर ध्यान देते हुए निम्नलिखित शब्दांशों को पढ़िये :

bo de　　bo de
ge bo　　ge bo
de ge　　de ge

bo de ge　　bo de ge
bo de ge　　bo de ge

bo bo de de ge ge

三、练习拼音:
३) निम्नलिखित हिज्जों का अभ्यास कीजिये :

	a	o	e	i	u	ü
b	ba	bo	—	bi	bu	—
d	da	—	de	di	du	—
g	ga	—	ge	—	gu	—

四、练习拼音及声調:
४) निम्नलिखित हिज्जों और तानों का अभ्यास कीजिये:

ā　ā　á　á
ǖ　ǖ　ǘ　ǘ
bā　bā　bá　bá
　bā　bá　bā　bá
dā　dā　dá　dá
　dā　dá　dā　dá
bō　bō　bó　bó
　bō　bó　bō　bó
gē　gē　gé　gé
　gē　gé　gē　gé
bī　bī　bí　bí
　bī　bí　bī　dí

dī	dī	dí	dí	
	dī	dí	dī	dí
bū	bū	bú	bú	
	bū	bú	bū	bú
dū	dū	dú	dú	
	dū	dú	dū	dú

課外练习 गृह-कार्य

一、念熟本課的練习，特别注意 o、e、ü 的发音.

१) उपरोक्त अभ्यासों को कंठस्थ कीजिये और o, e, और ü के उच्चारण विशेष रूप से ध्यान दीजिये ।

二、念熟第一声、第二声，特别注意第二声的音高.

२) पहली और दूसरी तान को कंठस्थ कीजिये और दूसरी तान की काष्ठा पर विशेष रूप से ध्यान दीजिये ।

三、念熟本課字母，作到能默写.

३) इस पाठ के स्वरों और व्यंजनों को तब तक रटिये , जब तक कि आप उन्हें याददाश्त से लिख न सकें ।

四、写五遍本課字母，交給教員检查.

४) इस पाठ के ध्वनि-अक्षरों को पांच बार लिखिये और लिख कर अध्यापक को दिखाइये ।

第二課 पाठ २

2.1 子音 p, t, k, m, n, ng
२.१ व्यंजन : p, t, k, m, n, ng

(1) p, t, k

这是和 b, d, g 相当的送气清塞音，所以发这三个音时要使气流尽量放出。发音部位和 b, d, g 一样：p 是双唇音，t 是舌尖音，k 是舌根音。

(१) p, t, k

ये तीनों व्यंजन महाप्राण हैं और अल्पप्राण व्यंजनों b, d और g के तदनुरूप हैं। इसलिये इन व्यंजनों का उच्चारण करते समय, सांस जोरों से बाहर निकालनी पड़ती है। इन व्यंजनों के उच्चारण के स्थान वही हैं, जो b, d और g के हैं : p ओष्ठ्य स्फोट है, t जिह्वाग्र है और k जिह्वामूल स्फोट है।

p: 在气流破唇而出时，要把气流尽量放出。声带不振动。

p: जिस समय सांस ओंठों के बीच से फूट कर बाहर निकलने वाली हो, उस समय जितनी ज्यादा हवा बाहर निकाल सकते हों, निकालिये। घोष-तंत्रियों का स्फूरण नहीं होता।

t:　在气流从口腔中爆发而出时，要把气流尽量放出．声带不振动．

t: जिस समय सांस मुंह में से फूट कर बाहर निकलने वाली हो, उस समय जितनी ज्यादा हवा बाहर निकाल सकते हों, निकालिये। घोष-तंत्रियों का स्फूरण नहीं होता।

k:　在气流从口腔中爆发而出时，要把气流尽量放出．声带不振动．

k: जिस समय सांस मुंह में से फूट कर बाहर निकलने वाली हो, उस समय जितनी ज्यादा हवा बाहर निकाल सकते हों, निकालिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

(2) m, n, ng

这三个是浊鼻音．m 跟 b, n 跟 d, ng 跟 g 的口腔阻塞情形一样，不同的是：软腭下垂，打开鼻腔通路，气流从鼻腔出来．m 是双唇音，n 是舌尖音，ng 是舌根音．

(२) m, n, ng

ये तीनों व्यंजन नास्य, घोष ध्वनियां हैं। m का उच्चारण करते समय मुंह में जो रुकावट पैदा होती है वह b का उच्चारण करते समय पैदा होती है। n का उच्चारण करते समय जो रुकावट पैदा होती है, वह उसी रुकावट के समान होसी है, जो d के उच्चारण के समय पैदा होती है। और ng का उच्चारण करते समय, जो रुकावट पैदा होती है, वह उसी रुकावट के समान होती है, जो g का उच्चारण करते समय पैदा होती है। अन्तर केवल इतना है कि m, n और g का उच्चारण करते समय, मृदुतालु को नीचे की ओर झुकाना चाहिये ताकि नास्य मार्ग खुल जाए और सांस वहां

से बाहर निकले। उच्चारण के स्थानों के अनुसार, m ओष्ठ्य है, n जिह्वाग्र है, और ng जिह्वा मूल है।

m: 紧閉双唇，气流从鼻腔通出。声带振动。

m: इस का उच्चारण करने के लिये, ओंठों को मिला कर दबना चाहिये और नास्य कूप में से हवा निकलने देनी चाहिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण होता है।

n: 舌尖頂上齿龈，气流从鼻腔通出。声带振动。

n: इस का उच्चारण करने के लियें, जीभ की नोक को उठा कर ऊपरी दंत-पंक्ति के मसूढ़े से मिलाना चाहिये और हवा को नास्य कूप से स्फोट के साथ निकलने देना चाहिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण होता है।

ng: 舌根貼住軟顎，气流从鼻腔通出。声带振动。（注意: ng 只能用在音节末尾，不能用在音节的开头。）

ng: इस का उच्चारण करने के लिने जिह्वा मूल को उठा कर मृदुतालु से मिलाना चाहियें और हवा नास्य कूप से बाहर किलने देना चाहियें। घोष-तंत्रियों का स्फुरण होता है। (नोट : ng का प्रयोग केवल शब्दांश के अन्त में किया जाता है, न कि शब्दांश के आरम्भ में।)

2.2 复合母音

两个以至三个母音結合在一起，就形成一个复合母音．念复合母音时是从一个母音滑到或滑向另一个母音的地位上去，因此舌位、口腔开合、嘴唇形状都有变动．复合母音共有13个:

२.२ संयुक्त स्वर (दो स्वरों का योग और तीन स्वरों का योग)

संयुक्त स्वर दो स्वरों या तीन स्वरों के योग से बनता है। संयुक्त स्वर के उच्चारण के लिये एक स्वर से चल कर दूसरे स्वर तक या दूसरे स्वर की ओर बढ़ना पड़ता है, इसलिये जिह्वा के स्थान में मुंह खोलने में, ओंठों के आकार में परिवर्तन होना चाहिये। कुल १३ संयुक्त स्वर हैं :

	a	o		ai	ei	ao	ou
i	ia		ie			iao	iou
u	ua	uo		uai	uei		
ü			üe				

2.3 母音带鼻音子音

母音后面接上鼻音子音，可以拼成下面 16 个复合音:

२.३ स्वर तथा नास्य व्यंजन का योग :

निम्नलिखित १६ संयुक्त ध्वनियों का हिज्जे स्वर के बाद नास्य व्यंजन लगा कर किया जाता है :

an	en	ang	eng	ong
ian	in	iang	ing	iong
uan	uen	uang	ueng	
üan	ün			

应該特别注意的是单独的母音和复合母音中的音值。这里簡略地讲以下几点:

एकल स्वर और संयुक्त स्वर के ध्वनि-मूल्यों पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये। नीचे एक संक्षिप्त निरूपण प्रस्तुत है :

1. a 和 ia, ua 中的 a 都是 [A]. ai, uai, an, uan, üan 中的 a 是前低不圓唇母音 [a]. 細分起来，ai 和 üan 中的 a 近 [æ], [i] 应当是 [ɪ]. ao, iao, ang, iang, uang 中的 a 是后低不圓唇母音 [ɑ], 而 ian 中的 a 却是前半低不圓唇母音 [ɛ].

१. a और ia तथा ua का a, ये सब [A] हैं। ai, uai, an, uan और üan का a अग्र-निम्न स्वर [a] है, जिस का उच्चारण करते समय ओंठों को गोल नहीं किया जाता। यथार्थ रूप से, ai और üan का a [æ] के समान है, और [i] [ɪ] के समान है। ao, iao, ang, iang और uang का a पृष्ठ-निम्न अनगोलाकार स्वर [α] है और ian का a अग्र-मध्य-निम्न अनगोलाकार स्वर [ε] है।

2. o 和 uo, ou, iou 中的 o 都可以說是后半高母音 [o], 但略寬，而唇又不很圓，其不圓的程度 o, uo, ou 依次遞增. ou 中的 [u] 也略寬，iou 中的 [o], 音較輕微. ao, iao, ong, iong 中的 [o] 是較 [u] 寬的后高圓唇母音 [ϖ].

२. o और uo, ou तथा iou का o, पृष्ठ-मध्य-उच्च स्वर [o] है, लेकिन कुछ अधिक चौड़ा है, और ओंठों को ज्यादा गोल नहीं किया जाता। o से uo और ou तक ओंठों को क्रमश: कम गोल किया जाता है। ou का [u] कुछ अधिक चौड़ा होता है, और iou की [o] ध्वनि कुछ निबर्ल होती है। ao, iao, ong, और iong का [o] गोलाकार ओठों सहित पृष्ठ-उच्च स्वर [ϖ] होता है और [u] से चौड़ा हाता है।

3. e 是后半高到半低的不圓唇母音 [ɤ^], 也可以簡写为 [ɤ]. ie, üe 中的 e 是前半低不圓唇母音 [ə], 单用的 ê 也是 [ε]. ei, uei 中的 e 是前半高不圓唇母音 [e]. 而其中的 [i] 略寬. uei 中的 [e], 音較輕微. en, uen 中的 e 是較高的中性母音 [ə]. uen 中的 [ə], 音較輕微. eng, ueng 中的 e 是后半低不圓唇母音 [ʌ].

३. e स्वर [ɤ^] है, जिस का उच्चारण पृष्ठ-मध्य-उच्च से मध्य-निम्न की ओर किया जाता है और ओंठ अनगोलाकार रहते हैं, इसे सिर्फ [ɤ] की तरह लिखा जा सकता है। ie, üe का e अग्र-मध्य-निम्न स्वर [ε] है जिस का उच्चारण करते समय ओंठ अनगोलाकार रहते हैं। अकेला ê, [ε] भी है। ei, uei का e अग्र-मध्य-उच्च स्वर [e] है जिस का उच्चारण रकते समय ओंठ अनगोलाकार रहते हैं और [i] कुछ अधिक चौड़ा होता है, uei के [e] की ध्वनि कुछ हल्की होती है। en और uen का e उच्च-शून्य स्वर [ə] है, uen के [e] की ध्वनि कुछ हल्की होती है। eng, ueng का e पृष्ठ-निम्न स्वर [ʌ] है जिस का उच्चारण करते समय ओंठ अनगोलाकार रहते हैं।

4. 在 ün 中, ü [y] 后有輕微的 [ɪ] 音.

४. ün में ü [y] के बाद एक हल्की ध्वनि [ɪ] आती है।

2.4 声調（二）

本課讲第三声和第四声.

२.४ तान (२) :

इस पाठ में, हमलोग पेकिंग बोली की तीसरी और चौथी तानों का विवेचन करेंगे।

第三声（214）是降升調: 由半低調降至低調，再升至半高調。我們用符号 “ˇ” 表示。如 bǎ, nǚ.

तीसरी तान (२१४) “उतरती-और-चढ़ती” तान है, वह मध्य-निम्न काष्ठा से उतर निम्न काष्ठा तक आती है और फिर उठ कर मध्य-उच्च काष्ठा तक पहुंच जाती है। उसे काष्ठा-चित्र “ˇ” द्वारा सूचित किया जाता है; जैस, bǎ और nǚ।

第四声（51）是全降調: 由高降低的調子. 我們用符号 “ˋ” 表示. 如 tù, pò.

चौथी तान (५१) “उतरती” तान है, वह ऊंचाई से नीचे की ओर उतरती है। काष्ठा-चित्र है: ‘ˋ’; जैस, tù और pò.

学习声調必須注意:

इन चारों तानों को सीखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिये:

(1) 我們上面用的等分直綫图，只表示北京語音四个基本声調的音高变化，实际上各人所发声音的絶对音高是不同的。

(१) ऊपर के चित्रों से केवल पेकिंग बोली की चार तानों के काष्ठा-विचरण का ही बोध होता है। वास्तव में, सभी व्यक्तियों के स्वर की काष्ठा एक सी नहीं होती।

(2) 声調是音高变化的状态，跟音的强弱无关。

(२) तान से काष्ठा-विचरण का बोध होता है, तान का ध्वनि की तीव्रता से कोई सम्बन्ध नहीं होता।

(3) 四个声調的音长也不尽相同，仔細分析起来是：第三声最长，第二声、第一声次之，第四声最短。

(३) चारों तानें लम्बाई में एक दूसरे से भिन्न हैं, विश्लेषण करने से प्रगट होता है कि तीसरी तान सब से लम्बी है, और पहली तथा दूसरी तानें चौथी तान से लम्बी हैं।

练习 अभ्यास

一、讀下列音节，注意音节中子音的发音:

१) व्यंजनों के उच्चारण पर ध्यना देते हुए निम्नलिखित शब्दांशों को पढ़िये :

po te ke   po te ke
po te ke   po te ke
po po   te te   ke ke

po te   po te
ke po   ke po
te ke   te ke

bo bo   po po
bo po   bo po
de de   te te
de te   de te
ge ge   ke ke
ge ke   ge ke
bo de ge   po te ke

mo mo   ne ne
mo ne   mo ne

二、讀下列复合母音:

२) निम्नलिखित संयुक्त स्वरों पढ़िये :

a	i	ai	a	i	ai
a	o	ao	a	o	ao
o	u	ou	o	u	ou
e	i	ei	e	i	ei
i	a	ia	i	a	ia
i	ê	ie	i	ê	ie
i	ao	iao	i	ao	iao
i	ou	iou	i	ou	iou
u	a	ua	u	a	ua
u	o	uo	u	o	uo
u	ei	uei	u	ei	uei
u	ai	uai	u	ai	uai
ü	ê	üe	ü	ê	üe

三、讀下列复合音，注意 -n 和 -ng 的区别:

३) निम्नलिखित संयुक्त शब्दांशों को पढ़िये और -n और -ng के बीच जो अन्तर है, उस पर ध्यान दीजिये :

an	an	ang	ang
en	en	eng	eng
an	en	ang	eng
in	in	ing	ing
uen	uen	ueng	ueng
uen	uen	ong	ong
in	uen	ing	ueng
ün	ün	iong	iong
uen	ün	ueng	iong

an	ang	ong	an	ang	ong
ian	iang	iong	ian	iang	iong
uan	uang		uan	uang	
üan			uan		

四、练习声調:

४) निम्नलिखित तानों का अभ्यास कीजिये :

ǔ	ǔ	ù	ù	ǔ	ù
bǎ	bǎ	bà	bà	bǎ	bà
pǎo	pǎo	pào	pào	pǎo	pào
kǎn	kǎn	kàn	kàn	kǎn	kàn
bǎng	bǎng	bàng	bàng	bǎng	bàng
děng	děng	dèng	dèng	děng	dèng
pǐn	pǐn	pìn	pìn	pǐn	pìn
ī	í	ǐ	ì		
ū	ú	ǔ	ù		
mō	mó	mǒ	mò		
ǖn	ǘn	ǚn	ǜn		
īng	íng	ǐng	ìng		

課外练习　गृह-कार्य

一、熟讀本課练习，特别注意:

1. b p, d t, g k 发音方法的不同。
2. an en, ang eng, in uen ün, ong ing ueng iong 的发音。
3. 第三声和第二声的区别。

१) ऊपर के अभ्यासों को याद कीजिये और इन बातों पर विशेष रूप से ध्यान दीजिये:

1. b और p d और t, g और k के उच्चारणों में जो अन्तर है, उस पर ध्यान दीजिये।
2. an en, ang eng, in uen ün और ong ing ueng iong के उच्चारण पर ध्यना दीजिये।
3. दूसरी और तीसरी तान में जो अन्तर है , उस पर ध्यान दीजिये।

二、写熟本課字母，作到能默写。

२) इस पाठ के सभी ध्वनि-चिन्हों को तब तक रटिये, जब तक कि आप उन्हें याददाश्त से लिख न सकें।

三、写五遍本課的新字母，交給教員检查。

३) नए ध्वनि-चिन्हों को पांच बार लिखिये और लिख कर अध्यापक को दिखाइये।

第三課　पाठ ३

3.1 子音　f, h, l, z, c, s व्यंजन　f, h, l, z, c, s 3.2 z, c, s 后面的舌尖前母音 z, c, s के बाद जीभ की नोक के अग्रभाग वाला स्वर 3.3 卷舌母音 er (-r) प्रत्याकुंचन स्वर: er (-r) 3.4 汉字字素（一） चीनी रेखाक्षरों के अंग (१)

3.1 子音 f, h, l, z, c, s

३.१ व्यंजन: f, h, l, z, c, s

(1) f, h

这两个子音是清擦音，发音时气流通路縮小，并不完全阻塞，讓气流摩擦而出。f 是唇齿音，h 是舌根音。

(१) f, h

ये दोनों व्यंजन अघोष संघर्ष-जन्य हैं। इन का उच्चारण करते समय, उच्छ्वास मार्ग छोटा होता है किन्तु पूर्ण रूप से अवरुद्ध नहीं होता जिससे कि सांस रगड़ के साथ बाहर निकलती है। उच्चारण के स्थान के अनुसार, f ओष्ठ्य-दंत्य संघर्ष-जन्य है

और h कंठ्य संघर्ष-जन्य है।

f: 上齿接触下唇，气流从中間摩擦而出。声带不振动。

f: नीचे के ओंठ को ऊपर के दांतों पर दबाइये और सांस को रगड़ के साथ बाहर निकलने दीजिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

h: 舌根接近軟顎，气流从中間摩擦而出。声带不振动。

h: जिह्वामूल को उठा कर मृदुतालु की ओर ले जाइये और सांस को इस प्रकार बने मार्ग से रगड़ कर निकलने दीजिये । घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता ।

(2) l:

这是舌尖浊边音，发音时舌尖接触上齿齦，舌尖中間的通路阻塞，气流从舌头的两边出来。声带振动。

(२) l

यह घोष जिह्वाग्र पार्श्विक है । इस का उच्चारण करने के लिये जीभ की नोक को उठा कर ऊपर के दांतों से मिलाया जाता है और वायु-मार्ग को रोक दिया जाता है और इस प्रकार वायु को जिह्वा के दोनों किनारों से निकलने दिया जाता है । घोष-तंत्रियों का स्फुरण होता है ।

(3) z, c

z 是不送气清塞擦音，c 是送气清塞擦音。发音时开始气流通路完全阻塞，然后舌尖移开些，让气流从口腔中所留的空隙間摩擦出来，它的閉塞成分和摩擦成分結合得很紧。这两个子音是舌尖前音。

(३) z, c

z अल्प-प्राण अघोष संघर्ष-जन्य है और c महाप्राण अघोष संघर्ष-जन्य है । इनका उच्चारण करते समय, उच्छ्वास-मार्ग पूर्ण रूप से अवरुद्ध रहता है, फिर जीभ की नोक ज़रा सा हट जाती है और हवा मुंह के संकरे मार्ग से होते हुए रगड़ कर बाहर निकलती है , इसलिय बाधा और संघर्ष दोनों एक दूसरे के निकट आ जाते हैं । दोनों जीभ की नोक के अग्रभाग वाले संघर्ष-जन्य हैं ।

z: 舌尖頂上齿齦，气流从舌尖与齿縫間爆发摩擦而出，但不要尽量送气，声带不振动。

z: जीभ की नोक को ऊपरी दांतों के मसूढ़ों पर दबाइये और सांस झटके के साथ निकलने दीजिये और जीभ की नोक तथा दंत-पंक्ति के बीच बने संकरे मार्ग से उसे रगड़ कर निकलने दीजिये। ज्यादा हवा बाहर न निकालिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

c: 与 z 发音不同的是要尽量送气，除此以外都相同。

c: इस ध्वनि का उच्चारण उसी प्रकार किया जाता है, जैसे z का। अन्तर केवल इतना है कि c का उच्चारण करते समय सांस एक जोर के झटके के साथ छोड़ी जाती है।

(4) s

这是舌尖前清擦音。发音时舌尖接近下齿背面，气流从舌面中縫跟上齿中間摩擦而出。

(४) s:

यह अघोष संघर्ष-जन्य है। इसका उच्चारण करने के लिये जीभ की नोक को झुका कर नीचे की दंत-पंक्ति के पीछे लाया जाता है और सांस जिह्वोपरि तथा ऊपरी दंत-पंक्ति के बीच के संकरे मार्ग से रगड़ खाकर बाहर निकलती है।

3.2 z, c, s 后面的舌尖前母音。

在 z, c, s 后面的舌尖前母音 [ɿ]，我們也用 i 来表示，因为在北京語音里 i [i] 不在 z, c, s 后面出現，所以不致混淆，这个母音只在 z, c, s 后面出現，所以听起来好象是前面子音摩擦成分的延长和减弱，而这个延长和减弱的成分是带音的。

३.२ z, c, s के बाद जीभ की नोक के अग्र-भाग वाला स्वर :

z, c, s के बाद जीभ की नोक अग्र-भाग वाला स्वर [1] भी i द्वारा सूचित होता है। इस में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती क्योंकि पेकिंग बोली में z, c, s के बाद i [i] कभी नहीं आता। यह स्वर केवल z, c, s के बाद आता है, इसलिय इसकी ध्वनि पूर्ववर्ती व्यंजन के संघर्ष-जन्य तत्त्व के दीर्घ घोष तथा निर्बलता क समान होती है।

3.3 卷舌母音 er (-r)

发母音 er (-r) 时舌头的位置由央元音 e（国际音标 [ə]）稍稍向前推动，舌尖向硬顎翹起，形成一个带有卷舌音 -r 的 e. 发音时口腔的开合情况由略开到略关.

३.३ प्रत्याकुंचन er (-r):

इस का उच्चारण करने के लिये जिह्वा को मिश्र e (अंतर्राष्ट्रीय ध्वनि चिन्ह [ə] है) के स्थान सें कुछ आगे बढ़ाया जाता है और जीभ की नोक को ऊपर उठा कर कठोर तालु की ओर ले जाया जाता है, इस प्रकार वक्र-जिह्वा r सहित e की ध्वनि पैदा होती है। इस ध्वनि का उच्चारण करते समय, मुंह पहले तो थोड़ा खुला रखिये फिर थोड़ा बन्द कीजिये।

3.4 汉字字素（一）

汉語书写符号的汉字，一般都是由几部分組成的．把汉字的每个組成部分分析出来以后，我們叫它作“汉字字素”（有一些字素可以独立存在，这些也就是汉字）．汉字字素是由汉字的基本笔划組成的．我們在学习时特别要注意这些基本笔划的写法和組成字素（或汉字）时的下笔顺序等等．

३.४ चीनी रेखाक्षरों के अंग (१) :

चीनी रेखाक्षर, जो चीनी भाषा के लिखित चिन्ह हैं, सामान्यत: कई भागों स मिल कर बनते हैं। चीनी रेखाक्षर का हर भाग "चीनी रेखाक्षर का अंग" कहलाता है (कुछ अंग स्वयं रेखाक्षर होते हैं, जब वे अकेले आत हैं)। चीनी रेखाक्षर के अंग कई मूल रेखाओं से मिल कर बनते हैं। इसलिये हमलोगों को इन मूल रेखाओं के लिखने के ढंग पर और अंग (या रेखाक्षर) बनाते समय रेखा-क्रम पर बहुत ध्यान देना चाहिये।

本課先讲汉字的基本笔划。基本笔划最主要的有七个:
इस पाठ में , चीनी रेखाक्षरों की केवल मूल रेखाओं का परिचय कराया जा रहा है। निम्नलिखित सात मूल रेखाएं सब से प्रारम्भिक :

练习 अभ्यास

一、讀下列音节，注意音节中的子音发音:
१) व्यंजनों के उच्चारण पर ध्यान देते हुए निम्नलिखित शब्दांशों को पढ़िये :

fo	fo	he	he	le	le
fo	fo	he	he	le	le
le	le	he	he	fo	fo

le	fo	he	le	fo	he
zi	zi	zi	ci	ci	ci

zi	zi	ci	ci
zi	zi	ci	ci
si	si	zi	zi
si	si	zi	zi

zi	ci	si	zi	ci	si
si	ci	zi	si	ci	zi

二、讀下列拼音:
२) निम्नलिखित हिज्जों को पढ़िये :

fū	fú	fǔ	fù
hāo	háo	hǎo	hào
luō	luó	luǒ	luò
zāo	záo	zǎo	zào
zān	zán	zǎn	zàn
cāi	cái	cǎi	cài
sōng	sóng	sǒng	sòng
cī	cí	cǐ	cì

三、讀卷舌母音:
३) निम्नलिखित प्रत्याकुंचन स्वर er पढ़िये :

er		er		er			
ēr		ér		ěr		èr	
ēr	ēr	ér	ér	ěr	ěr	èr	èr

四、练习基本笔划.
४) मूल रेखाओं को लिखने का अभ्यास कीजिये ।

課外练习 गृह-कार्य

一、讀熟本課练习的前三項，特别注意 z, c 的发音.

१) अभ्यास के पहले तीन भागों को कई बार पढ़िये और z तथा c के उच्चारण पर ध्यान दीजिये ।

二、写熟汉字基本笔划.

२) इस पाठ के चीनी रेखाक्षरों की मूल रेखाओं की नकल कीजिये ।

三、写五遍本課字母及基本笔划交給教員检查.

३) नए ध्वनि-चिन्हों और रेखाक्षरों की मूल रेखाओं को लिखिये और लिख कर अध्यापक को दिखाइये ।

第四課　पाठ ४

4.1 子音 zh, ch, sh, r, j, q, x
४.१ व्यंजन : zh, ch, sh, r, j, q, x

(1) zh, ch

zh 是不送气清塞擦音，ch 是送气清塞擦音．发音时开始气流通路完全阻塞，然后舌尖移开些，让气流从口腔中所留的空隙間摩擦出来，它的閉塞成分和摩擦成分結合得很紧．这两个子音是舌尖后音（又名卷舌音）．

(१) zh और ch

zh अल्प-प्राण अघोष संघर्ष-जन्य है और ch महाप्राण अघोष संघर्ष-जन्य है। इनका उच्चारण करते समय, उच्छ्वास-मार्ग पूर्ण रूप से अवरुद्ध रहता है, फिर जीभ की नोक ज़रा सा हट जाती है और हवा मुंह के संकरे मार्ग से रगड़ खा कर बाहर निकलती है। बाधा तथा संघर्ष एक दूसरे के निकट आ जाते हैं। ये दोनों व्यंजन जीभ की नोक के पृष्ठ-भाग वाली ध्वनियां (या प्रत्याकुंचन ध्वनियां) हैं।

zh: 舌尖上卷頂住硬顎，气流从舌尖与硬顎間爆发摩擦而出，但不要尽量送气。声带不振动。

zh: इस का उच्चारण करने के लिये, जीभ की नोक को मोड़ कर ऊपर कठोर तालु से मिलाइये और तब सांस झटके से छोड़िये और उसे कठोर तालु और जीभ की नोक के बीच के मार्ग से रगड़ खा कर बाहर निकलने दीजिये। ज्यादा हवा बाहर न निकालिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

ch: 与 zh 发音不同的是要尽量送气，除此以外都相同。

ch: उस ध्वनि का उच्चारण उसी प्रकार किया जाता है, जैसे zh ध्वनि का। अन्तर केवल इतना है कि ch का उच्चारण करते समय, एक जोर के झटके के साथ सांस छोड़ी जाती है।

(2) sh, r

sh 是清擦音，r 是浊擦音。这两个子音是舌尖后音。

(२) sh और r

ये दोनों व्यंजन भी जिह्वोपरि-तालव्य ध्वनियां हैं। sh अघोष संघर्ष-जन्य है और r घोष संघर्ष-जन्य है।

sh: 舌尖上卷接近硬顎，气流从舌尖与硬顎間摩擦而出. 声带不振动.

sh: इसका उच्चारण करने के लिये जीभ की नोक को मोड़ कर ऊपर कठोर तालु के निकट ले जाइये और वायु को जीभ की नोक और कठोर तालु के बीच के मार्ग से रगड़ खा कर निकलने दीजिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

r: 是和 sh 相对的浊音，发音时声带振动。（在 zh, ch, sh, r 后面的舌尖后母音 [ɿ]，我們也用 i 来表示，因为在北京語音里 i [i] 不在 zh, ch, sh, r

后面出現，所以不致混淆．这个母音只在zh, ch, sh, r 后面出現，所以听起来象是前面子音摩擦成分的延长和减弱，而这个延长和减弱的成分是带音的．）

r: sh के तदनुरूप यह एक घोष ध्वनि है, इसलिये इसका उच्चारण करते समय घोष-तंत्रियों का स्फुरण होता है। (zh, ch, sh, r के बाद जिह्वोपरि-तालव्य स्वर [ɿ] भी i से सूचित होता है। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती क्योंकि पेकिंग बोली में zh, ch, sh, r के बाद i [i] की स्वर-ध्वनि कभी नहीं आती। यह स्वर [ɿ] केवल zh, ch, sh, r के बाद आता है, इसकी ध्वनि पूर्ववर्ती व्यंजन के संघर्ष-जन्य तत्त्व के घोष के दीर्घीकरण तथा निर्बलता के समान होती है।

(3) j, q

j 是不送气清塞擦音，q 是送气清塞擦音．发音时开始气流通路完全阻塞，然后慢慢打开，让气流从口腔中所留的空隙間摩擦出来，它的閉塞成分和摩擦成分結合得很紧．这两个子音是舌面前音．

(३) j और q

j अल्प-प्राण अघोष संघर्ष-जन्य है और q महाप्राण अघोष संघर्ष-जन्य है। इन दोनों ध्वनियों का उच्चारण करते समय, वायु-मार्ग पूर्ण रूप से अवरुद्ध रहता है, तब वह धीरे धीरे खोला जाता है और हवा मुंह अन्दर के संकरे मार्ग से रगड़ खा कर बाहर निकलती है। बाधा तथा संघर्ष एक दूसरे बिल्कुल निकट आ जाते हैं। ये दोनों व्यंजन अग्र-तालव्य ध्वनियां हैं।

j: 舌面前部貼硬顎，舌尖頂下齿背，气流从舌面前部与硬顎間爆发摩擦而出，但不要尽量送气．声带不振动．

j: इस का उच्चारण करने के लिये, जिह्वाग्र को उठा कर कठोर तालु तक ले जाइये, जीभ की नोक को नीचे के दांतों के पीछे रखिये और तब हवा झटके से निकलने दीजिये और उसे जिह्वा और कठोर तालु के बीच से रगड़ खा कर बाहर जाने दीजिये। ज्यादा हवा बाहर न निकालिये। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

q： 与 j 发音不同的是要尽量送气。除此以外都相同。

q： इस ध्वनि का उच्चारण उसी प्रकार किया जाता है, जैसे j ध्वनि का। अंतर केवल इतना है कि उसका उच्चारण करते समय एक जोर के झटके के साथ सांस छोड़ी जाती है।

(4) x

x 是清擦音．发音时舌面前部与硬顎相近，气流从舌面前部与硬顎間摩擦而出．声带不振动．

(४) x

x अघोष संघर्ष-जन्य है। इसका उच्चारण करने के लिये जिह्वाग्र को उठा कर कठोर तालु के निकट लाया जाता है, और तब हवा को जिह्वाग्र और कठोर तालु के बीच के मार्ग से रगड़ खा कर बाहर निकलने दिया जाता है। घोष-तंत्रियों का स्फुरण नहीं होता।

4.2 北京話的語音結构

४.२ पेकिंग बोली का शब्दांश-विन्यास

（1）北京話里，单純母音，复合母音或母音結合子音（子音在母音前或后）都可以构成音节（单独的子音不能构成音节），而每一个音节都有一定的声調（1.4）．例如：

(१) पेकिंग बोली में, एकल स्वर, संयुक्त स्वर या व्यंजन सहित स्वर (चाहे व्यंजन से पहले आए या उस के बाद) से एक शब्दांश बन जाता है; किन्तु स्वयं व्यंजन से शब्दांश नहीं बन सकता। प्रत्येक शब्दांश की एक निश्चित तान होती है (१.४); जैसे,

è	(餓 भूखा)	ài	(爱 प्यार करना)
ēn	(恩 पक्षपात)	hé	(河 नदी)
bǎo	(飽 तृप्त, पेट भर खाना)	shuāng	(霜 पाला)

（2）一个音节用汉語的书写符号汉字紀录下来就是一个汉字．因此也可以用中国传統的方法分析：一个字音一般包含声母（音节开头的子音）和韻母（声母除外的部分），而每一个字都有一定的声調．象上例 hé（河），shuāng（霜），h 和 sh 是声母，e uang 是韻母，hé 是第二声，shuāng 是第一声．此外，也有一些只有韻母而沒有声母的字，就叫零声母字，例如 ēn（恩）．

(२) प्रत्येक शब्दांश एक चीनी रेखाक्षर होता है । इसलिये, ध्वनि-शास्त्रीय विश्लेषण के परम्परागत चीनी विधि के अनुसार, रेखाक्षर की ध्वनि को सामान्यतः shēng 声母 (शब्दांश के आरम्भ का व्यंजन) और yùn 韻母 (व्यंजन के बाद शेष शब्दांश) में विभाजित किया जा सकता है। इस के अलावा, प्रत्येक रेखाक्षर की एक उचित तान होती है। ऊपर के उदाहरण hé और shuāng में, h और sh, shēng 声母 हैं; e और uang, yún 韻母 हैं। hé दूसरी तान में है और shuāng पहली तान में है। लकिन ऐसे रेखाक्षर भी हैं जो केवल yùn 韻母 से बनते हैं, जैसे ऊपर के उदाहरणों में ēn ।

(3) 我們知道北京話的一个音节包含声母和韻母. 韻母可以是一个单独的(主要)母音, 如 chá(茶); 也可以是既有主要母音又有介音和韻尾的, 如 biǎo(表); 有时也可以只有介音和主要母音, 如 shuō(說); 或只有主要母音和韻尾, 如 kàn(看). 介音只有 i, u, ü 三个. 我們可以給韻母分个类: 1. 无介音或不用 i, u, ü 做主要母音的; 2. 有介音 i 或用 i 做主要母音的; 3. 有介音 u 或用 u 做主要母音的; 4. 有介音 ü 或用 ü 做主要母音的. 任何母音都可以做主要母音, 任何子音(除了 -ng)都可以做声母. 声母和韻母的配合关系主要由声母的发音部位和韻母的类别决定的. 哪些声母和哪些韻母相拼或不相拼, 可以看下表:

(३) पेकिंग बोली में, हर शब्दांश में एक shēng और एक yùn होता है। yùn एकल (मुख्य) स्वर हो सकता है, जैसे chá (चाय); वह मुख्य स्वर धन मध्य-स्वर और "yùn अन्तवाला" भी हो सकता है, जैसे biǎo (घड़ी); कभी कभी यह मध्य-स्वर और मुख्य स्वर भी हो सकता है, जैसे shuō (बोलना, कहना); या केवल मुख्य स्वर और "yùn अन्तवाला" हो सकता है, जैसे kàn (देखना)। मध्य स्वर केवल तीन हैं: i, u, ü । yùn के चार भेद किये जा सकते हैं: १. जिन में मध्य स्वर नहीं होता या जिन में i, u, ü मुख्य स्वर के रूप में नहीं होता; २. जिनमें मध्य स्वर i होता है या जिन में i का प्रयोग मुख्य स्वर के रूप में होता है; ३. जिनमें मध्य स्वर u होता है या जिनमें u का प्रयोग मुख्य स्वर के रूप में होता है; ४. निजमें मध्य स्वर ü होता है या जिनमें ü का प्रयोग मुख्य स्वर के रूप में होता है। कोई भी स्वर मुख्य स्वर हो सकता है और कोई भी व्यंजन (-ng को छोड़ कर) shēng हो सकता है। shēng और yùn के योग मुख्यतः shēng के उच्चारण-स्थान और yùn के प्रकार से निश्चित होते हैं। shēng और yùn के सभी संभावित योग नीचे की सारणी में दिखाए गए हैं:

声母 shēng ＼ 韻母 yùn类别 प्रकार के	1	2	3	4
b p m	+	+	+	−
f	+	−	+	−
d t	+	+	+	−
n l	+	+	+	+
z c s	+	−	+	−
zh ch sh r	+	−	+	−
j q x	−	+	−	+
g k h	+	−	+	−
0	+	+	+	+

"+" 表示声母和韻母可以相拼，"−" 表示不能相拼．

"0" 表示零声母．

